an>

Title: Need to provide fire brigades in rural areas of Basti Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

**श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र पूर्वी उत्तर प्रदेश में बस्ती जिला है और बस्ती सहित पूरे उत्तर प्रदेश में आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। धर्मेन्द्र जी, मैं माननीय नेता जी के ध्यान में यह विषय लाना चाहता हूं, इसलिए कृपया आप उनसे कुछ क्षण के लिए बात न करें,... ( व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह केन्द्र सरकार का मामला है।

**श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी:** महोदया, यह केन्द्र और प्रदेश दोनों सरकारों का मामला है। माननीय नेता जी यहां उपस्थित हैं और यदि उनका ध्यान इस समस्या की तरफ जाएगा, तो उत्तर प्रदेश की जनता को कुछ लाभ होगा। इसलिए मैं उनका भी ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदया, इस समय पूरे उत्तर प्रदेश में आग लग रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र के गोरखपुर, संत कबिनगर, सिद्धार्थ नगर और फैजाबाद में प्रति दिन आग के कारण करोड़ों रुपए के सामान और फसल का नुकसान हो रहा है। गर्मियों में शादियां होती हैं। गरीब आदमी अपनी लड़की की शादी के लिए सालभर घर में सामान इकट्ठा करता है, लेकिन आग लगने के कारण वह नष्ट हो जाता है। इससे उसका नुकसान हो रहा है। आग लगने के कारण लोगों की मृत्यु हो रही है और पशुओं का नुकसान हो रहा है। जब मैंने जिला प्रशासन या दमकल विभाग से निवेदन किया कि आप आग बुझाने की कोई व्यवस्था करिए, तो उन्होंने बताया कि उनके पास संसाधन ही नहीं हैं।

महोदया, मैंने स्वयं अपने जिलाधिकारी से बात की और कहा कि मैं अपनी सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से आग बुझाने वाले उपकरण खरीदने के लिए धन आबंटित करता हूं, तो उन्होंने कहा कि ड्राइवर और उन उपकरणों के मैंटिनेंस की व्यवस्था कैसे होगी, पहले इसकी चिन्ता कीजिए? इसलिए मेरा आपसे भी निवेदन है और आपके माध्यम से आदरणीय मुलायम सिंह जी से भी निवेदन है कि उत्तर प्रदेश के जिलाधिकारियों को सरकार की ओर से थोड़ा सा निर्देशित किया जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसा नहीं होता।

**श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी:** महोदया, आग के कारण वहां जान-माल का करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। उसकी सुरक्षा हो और वहां आग बुझाने की व्यवस्था हो। मेरा आपसे निवेदन है कि भारत सरकार को निर्देशित करने का कष्ट करें कि जो हम लोगों की सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की निधि है, उसके माध्यम से हम लोगों को दमकल गाड़ियां खरीदने की अनुमति दी जाए, ताकि हम दमकल गाड़ियों की व्यवस्था कर सकें तथा इसके साथ ही साथ ड्राइवर और उन गाड़ियों के मैंटिनेंस की व्यवस्था भी कर सकें, जिससे बस्ती और पूरे उत्तर प्रदेश में जो यह नुकसान हो रहा है, उसको रोका जा सके।

**माननीय अध्यक्ष :** मुलायम सिंह जी, ऐसा नहीं होता है। इन्होंने ऐसा कोई नाम लेकर भी नहीं बोला है।

माननीय सदस्य श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत किए गए विषय से माननीय सदस्य सर्वश्री

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

भैरोंप्रसाद मिश्र,

चन्द्र प्रकाश जोशी,

सुधीर गुप्ता,

रोड़मल नागर,

शरद त्रिपाठी एवं

श्री अजय मिश्रा टेनी अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।

**श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) :** अध्यक्ष महोदया, मैं तो यह कह रहा हूं कि श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी जी ने अच्छा कहा। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि और कोई मदद हो उसके बारे में भी हमें बताएं। आपकी जानकारी में यह बात है कि हमने वहां काफी रुपया दिया है और मदद भी कर देंगे। जहां भी सूखे और ओले से नुकसान हुआ है, उसके बारे में हमें आप लिख कर दीजिए। आप हमें अभी लिखकर दीजिए। अगर ऐसा है, तो हम और मदद करेंगे।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** एम.पी.एल.ए.डी. में दमकल गाड़ियां खरीदने की परमीशन हो।

**माननीय अध्यक्ष :** हां, ठीक है।